शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद
राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

# नियमित गतिविधि एवं शिविर प्रतिवेदन

# 2019-20

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई



15 अगस्त 2019 से पूर्व महाविद्यालय का स्वच्छता अभियान।



27 अगस्त 2019 को हर्बल गार्डन में श्रमदान और स्वच्छता कार्य।




3 सितंबर 2019 महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारियों एवं स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान।



3 सितंबर 2019 महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारियों एवं स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता।

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

### प्रतिक्षारत सम्माननीय मार्गदर्शक एवं सलाहकार

1. डॉ. ज्योति पाण्डेय– प्राचार्य शा.म.व.स्ना.महा., महासमुन्द
2. डॉ.ए.करीम –पूर्व समन्वयक रासेयो
3. डॉ.आर.के.परदल– सिविल सर्जन, जिला अस्पताल महासमुन्द
4. श्रीमती अनिता जी रावटे– रासेयो सम्माननीय सलाहकार
5. श्रीमती अरुणा शुक्ला– रासेयो सम्माननीय सलाहकार
6. श्रीमती तारिणी चन्द्राकर– रासेयो सम्माननीय सलाहकार
7. श्रीमती साधना सिंह ठाकुर– रासेयो सम्माननीय सलाहकार

### राष्ट्रीय सेवा योजना वरिष्ठ स्वयं सेवक लक्ष्यदूत समिति

1. श्री दीपक दुबे – अध्यक्ष
2. श्रीमती रेणुका चन्द्राकर– उपाध्यक्ष
3. श्री जितेन्द्र चन्द्राकर – सचिव
4. श्रीमती अल्का साहू – उपाध्यक्ष
5. श्री ईश्वर चन्द्राकर – कोषाध्यक्ष

### राष्ट्रीय सेवा योजना समिति एवं पदाधिकारी सत्र–2019–20

दलनायक एवं उप दलनायक

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. लक्ष्मण सिन्हा | – एम.ए. प्रथम सेमे. | 1. ईश्वरी ध्रुव | – बी.एस.सी.अंतिम |
| 2. प्रकाश मणि साहू | – बी.एस.सी.अंतिम | 2. शीतल साहू | – बी. कॉम. तृतीय |
| 3. गजेन्द्र पटेल | – बी. कॉम. तृतीय | 3. वर्षा सिन्हबा | – बी.ए.अंतिम |

### –परियोजना कार्य–

प्रतिदिन – प्रातः 6 बजे योगा एवं व्यायाम प्रशिक्षण
प्रातः 8 बजे सोख्ता गढ्डा निर्माण, स्वच्छता अभियान, श्रमदान, कुडादान निर्माण
शाम 5 बजे पारम्परिक खेलकूद, विचार गोष्ठी एवं प्रतियोगिता
रात्रि 8 बजे से 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम

---

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.)

राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला ईकाई
सात दिवसीय विशेष शिविर
" नरवा गरवा घुरवा बारी "


" मुझको नहीं तुझको "

Not Me But You

**ग्राम-बिरकोनी, चण्डी मंदिर (महासमुन्द)**
दिनांक : 07 दिसम्बर 2019 से 13 दिसम्बर 2019 तक

## आमंत्रण

"समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास "

प्रतिष्ठा में,
श्रीमान / श्रीमती ------------------------------
------------------------------

भवदीय

| | | |
|---|---|---|
| **अजय कुमार राजा** | **डॉ.ज्योति पाण्डेय** | **श्रीमती राजेश्वरी सोनी** |
| कार्यक्रम अधिकारी | प्राचार्य (सरंक्षक) | कार्यक्रम अधिकारी |
| रासेयो पुरुष ईकाई | रासेयो महिला ईक.ई | रासेयो महिला ईकाई |
| शा.म.व.स्ना.महा., | शा.म.व.स्ना.महा., | शा.म.व.स्ना.महा., |
| महासमुन्द | महासमुन्द | महासमुन्द |
| 8878844400 | 07723 222027 | 7770900432 |

ग्राम पंचायत एवंसमस्त ग्रामवासी –बिरकोनी, चण्डी एवं समस्त स्वयंसेवक

---

श्रध्दा व आस्था का प्रतीक हैं माँ चण्डी मंदिर, बिरकोनी

## परिचय

छत्तीसगढ अंचल में जिला महासमुन्द मुख्यालय से मात्र 11 किमी. में उत्तर की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर स्थित हजारो वर्षो से विराजित मूल साक्षी आदिशक्ति माँ चण्डी सिध्द शक्ति पीठ के दर्शन मात्र से असंख्य नर–नारी अपने भीतर अलौकिक शक्ति का अनुभव करते हैं। बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र घोषित कर दिया गया हैं। मनोनुकुल दायिनी सिध्द दात्री तंत्र मंत्र यंत्र अनुष्ठान की पवित्र इस वनांचल भूमि में सहजता से पहूंचा जा सकता हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा शिविरार्थियों व ग्रामवासियों में नरवा, गरवा, घुरवा, बाडी का संदेश देते हुये छ.ग. की संस्कृति से परिचित कराना स्वच्छता, शिक्षा, जीवन शैली, बौध्दिक विकास के प्रति जागरुकता लाना शिविर का मुख्य उद्देश्य हैं। शिविरार्थियों के उत्साहवर्धन के लिये शिविर में आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय हैं।

### बौध्दिक कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| दिनांक 07.12.2019 | – उद्घाटन समारोह |
| दिनांक 08.12.2019 | – **कुपोषण एवं महिला सशक्तिकरण**<br>(आस्था वूमेन सोसायटी, महासमुन्द) |
| दिनांक 09.12.2019 | – **राष्ट्रीय सेवा योजना दिशा निर्देश**<br>डॉ.ए.करीम (पूर्व समन्वयक रासेयो)<br>डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, महासमुन्द |
| दिनांक 10.12.2019 | – **मतदान जागरुकता दिशा निर्देश**<br>श्री रेखराज शर्मा नोडल अधिकारी (स्वीप) महासमुन्द<br>**नव जीवन संदेश**<br>सुश्री रोशना डेविड (बाल मित्र हमर पुलिस हमर संग) |
| दिनांक 11.12.2019 | – पशु टीकाकरण, बधियाकरण, कृमिनाशक दवापान<br>**पशु चिकित्सा विभाग ग्राम बिरकोनी** |
| दिनांक 12.12.2019 | – सिकलसेल परीक्षण व रक्त परीक्षण (स्वास्थ्य विभाग)<br>– **जीवन शैली एवं ग्रामीण विकास**<br>श्री सुरेश शुक्ला (निदान सेवा परिषद) |
| दिनांक 13.12.2019 | – पुरस्कार वितरण, शिविर समापन |

---

### सात दिवसीय विशेष शिविर, उद्घाटन समारोह

(दिनांक 07.12.2019 समय संध्या 4:00 बजे)

मुख्य अतिथि : श्री दिनेश्वर चन्द्राकर
अध्यक्ष–चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति, बिरकोनी

अध्यक्षता : डॉ.अनुसुइया अग्रवाल (प्रभारी प्राचार्य)

विशिष्ट अतिथि : श्री तेजनाथ चन्द्राकर
उपाध्यक्ष–चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति, बिरकोनी
श्री उमेश चन्द्राकर
कार्य व्यवस्था प्रमुख–चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति, बिरकोनी

### –:: पुरस्कार वितरण व समापन समारोह ::–

(दिनांक 13.12.2019 समय प्रातः 11:00 बजे)

मुख्य अतिथि : **डॉ. एस.के.चटर्जी**
(पूर्व प्राचार्य शा.म.व.स्ना.महा.महासमुन्द)

अध्यक्षता : **डॉ.अनुसुइया अग्रवाल**
(प्रभारी प्राचार्य शा.म.व.स्ना.महा.महासमुन्द)

विशिष्ट अतिथि : **श्री दिनेश्वर चन्द्राकर**
अध्यक्ष–चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति, बिरकोनी
**श्री तेजनाथ चन्द्राकर**
सचिव–चण्डी मंदिर ट्रस्ट समिति, बिरकोनी
**डॉ.ए.करीम** (पूर्व समन्वयक रासेयो)
**डॉ.मालती तिवारी** (जिला संगठक रासेयो)

–:: विनीत::–
–स्वागतोत्सुक–
**समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक**

| | |
|---|---|
| **अजय कुमार राजा** | **श्रीमती राजेश्वरी सोनी** |
| कार्यक्रम अधिकारी | कार्यक्रम अधिकारी |
| रासेयो पुरुष ईकाई | रासेयो (महिला ईकाई) |

वृक्ष लगाना, वृक्ष बचाना, धरती संवारना हमार कार्य

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य
# स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद
## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई





शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. के स्वयंसेवको द्वारा 08.12.2019 सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन जिला संगठन डॉक्टर मालती तिवारी का संबोधन हेतु आगमन




13.12.2019 सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम व सातवें दिन कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं पुरुष इकाई एवं सभी स्वयंसेवक



शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. के स्वयंसेवको द्वारा 10.12.2019 ग्राम बिरकोनी के चंडी मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई



## शिविरार्थियों का किया रक्त परीक्षण 115 में 19 सिकलसेल पॉजिटिव मिले

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


शिविर... रक्त परीक्षण करती हुई स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**बिरकोनी.** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन 12 दिसंबर को उप स्वास्थ्य केंद्र ग्राम बिरकोनी के डॉ बीएल मिश्रा के नेतृत्व में 1 सहायक व 2 नर्स की टीम द्वारा सभी शिविरार्थियों का रक्त परीक्षण एवं सिकलसेल परीक्षण किया गया।

इसमें 115 में से 19 सिकलसेल पॉजिटिव पाए गए। इसके सेम्पल ब्लड को जिला अस्पताल परीक्षण के लिए भेजा गया है। बौद्धिक चर्चा सत्र में सुरेश शुक्ला प्रमुख निदान सेवा समिति परिषद द्वारा लाइफ स्किल और समय प्रबंधन को सविस्तार से समझाते हुए कहा कि आत्म अनुशासन व समय प्रबंधन हमारे जीवन मे अति आवश्यक है। यदि कभी कोई कठिनाई या समस्या हो तो घबराए नहीं क्योंकि जहां समस्या होती है, वहीं समाधान होता है। उन्होंने स्वरोजगार को बढ़ावा देने की बात पर भी जोर दिया। डॉ रमाकांत अग्रवाल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आप स्वयंसेवकों को श्रमदान, आत्म अनुशासन, नेतृत्व सिखाता है। एमएस वर्मा सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि हम समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि एनएसएस आपको बहुत कुछ देता है, आवश्यकता है आप कितना ग्रहण कर सकते हैं। बौद्धिक सत्र में डॉ. नीलम अग्रवाल , प्रो. खलखो, एसआर रात्रे ने संबोधित किया। सरस्वती वंदना शिवकुमारी व संचालन मेघराज साहू द्वारा किया गया।

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. के स्वयंसेवको द्वारा सात दिवस विशेष शिविर में स्वयंसेवक मिलकर कर रहे श्रमदान

सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन शिविरार्थियों का किया गया रक्त परीक्षण

## 'जीवन में अनुशासन और समय प्रबंधन आवश्यक, यही है सफलता की कुंजी'

**बिरकोनी (महासमुंद)। नईदुनिया न्यूज**


कार्यक्रम में दाएं से मंचस्थ अजय राजा, एस खलको, एमएस वर्मा, ईश्वर चंद्राकर, सुरेश शुक्ला, रूबिना मकरानी। **नईदुनिया**

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में ग्राम बिरकोनी चंडी मंदिर में कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई अजय कुमार राजा एवं कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में संचालित किया गया।

शिविर के छठे दिन 12 दिसम्बर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम बिरकोनी के डॉ. बीएल मिश्रा एक सहायक व दो नर्स की टीम ने सभी शिविरार्थियों का रक्त एवं सिकलसेल परीक्षण किया गया। 115 में से 19 सिकल सेल पॉजिटिव पाए गए। जिसके सेम्पल ब्लड को जिला अस्पताल परीक्षण के लिए भेजा गया है। बौद्धिक चर्चा सत्र में निदान सेवा समिति के प्रमुख सुरेश शुक्ला ने लाइफ स्किल और समय प्रबंधन को सविस्तार समझाया। कहा कि आत्मा अनुशासन व समय प्रबंधन हमारे जीवन में अति आवश्यक है। यही सफलता की असली कुंजी है। अगर कभी कोई कठिनाई या समस्या हो तो घबराए नहीं क्योंकि जहां समस्या होती है वही समाधान होता है। हमे अवसर प्राप्त होता है, उन्होंने कहा कि व्यावहारिक जीवन में वैल्यू एडिशन होना चाहिए। हमारे संस्कार ऐसे हों जो अपराध नियंत्रण कर सके। रुबीना मकरानी ने भी संबोधित किया। डॉ. रमाकांत अग्रवाल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को श्रमदान, आत्म अनुशासन, नेतृत्व क्षमता सिखाता है। सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान एमएस वर्मा ने कहा कि हम समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं और राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर सकते हैं। ईश्वर चंद्राकर प्रमुख नवकिरण एकेडमी, डा नीलम अग्रवाल विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, प्रोफेसर खलखो, एसआर रात्रे ने संबोधित किया। सरस्वती वंदना शिव कुमारी ने प्रस्तुत किया। मंच संचालन मेघराज साहू ने किया।

कार्यक्रम में दल नायक लक्ष्मण सिन्हा, प्रकाशमणि साहू, पुष्पेंद्र साहू, दुर्गेश पटेल, गजेंद्र पटेल याज्ञवल्क्य, कुलेश्वर, प्रशांत पात्रे, रोशन कमलेश, रोशन नोमेश, थलेश, तिरुमाला ईश्वरी ध्रुव, शीतल साहू, मोनिका पटेल, वैशाली ठाकुर, वर्षा, सूरज, नोमेश, मोहन सहित समस्त 115 शिविरार्थी उपस्थित थे।

जीवन में अनुशासन और समय प्रबंधन ही है सफलता की कुंजी

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई



Follow us on @navbharatcg 3

**ढलेश्वरी का सम्मान**

महासमुंद. शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की महिला इकाई की कुमारी ढलेश्वरी साहू पिता सीताराम साहू ग्राम मचेवा ने मध्य क्षेत्र एनएसएस पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2019 का आयोजन 30 अक्टूबर से 8 नवम्बर विवेकानंद केंद्र ग्वालियर मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ के 28 स्वयंसेवकों के साथ महासमुंद जिले का प्रतिनिधित्व किया. उसके उत्कृष्ट कार्य के लिये कैंप निर्देशक डॉ अशोक श्रोती क्षेत्रीय निर्देशक भोपाल द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. ढलेश्वरी के उत्कृष्ट कार्य हेतु महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एस.बरूआ एवं डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक प्रमाणपत्र दे सम्मानित किया गया.

दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए ढलेश्वरी का हुआ चयन



**रगोली प्रतियोगिता में संजना साहू प्रथम**

**कॉलेज विद्यार्थियों ने कहा वोट दे बर जाबो**

महासमुंद। नईदुनिया न्यूज

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में नगरीय निर्वाचन में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन चार दिसंबर को किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

नारा लेखन प्रतियोगिता में कुमारी गुंजा साहू बीएससी तृतीय वर्ष नें प्रथम स्थान प्राप्त किया और बिल्किस बानो ने द्वितीय तथा सूर्यकांत यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी पुष्पा निषाद बीएससी प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भास्कर साहू द्वितीय एवं मीनाक्षी ध्रुव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी संजना साहू बीकॉम प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान चांदनी भारती ने द्वितीय स्थान तथा प्रियंका धिवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में मुस्कान बागड़ी बीकॉम द्वितीय वर्ष विजई रही और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में लक्ष्मण सिन्हा एवं समूह ने प्रस्तुति देकर विजय प्राप्त की। सभी विजेता प्रतिभागियों को निर्णायक समूह डॉक्टर मालती तिवारी जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला महासमुंद एवं डॉ रीता पांडे विभाग अध्यक्ष इतिहास ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कालेज विद्यार्थियों ने कहा कि- वोट देबर जाबो, मतदान ल बढ़ाबो।

इस कार्यक्रम में प्रोफेसर सी खलखो, प्रोफेसर सीमा रानी प्रधान, प्रोफेसर सरस्वती सेठ, परवीन करीम, प्राची गुप्ता, मधु वर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, यह कार्यक्रम सुरेंद्र मानिकपुरी, गोवर्धन प्रसाद साहू, गोपाल साहू एवं अजय कुमार राजा सहायक नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयों महिला इकाई ने किया।

रंगोली का अवलोकन करते डॉक्टर मालती तिवारी, रीता पांडे और स्टाफ। नईदुनिया

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. के स्वयंसेवको द्वारा 100% मतदान करने हेतु परिसर में रंगोली बनाकर मतदाताओं को किया गया जागरूक



पेज 4 बधिरता रोकथाम व निवारण हेतु....

**दिल्ली गणतंत्र परेड के लिए ढलेश्वरी का हुआ चयन**

नवभारत कार्यालय द्वारा। महासमुंद.
www.navbharat.org

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की स्वयंसेवक ढलेश्वरी साहू का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए किया गया है, गणतंत्र दिवस परेड में छत्तीसगढ़ के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 30 स्वयंसेवकों का चयन कर प्रशिक्षण शिविर हेतु ग्वालियर रवाना किया गया जिसमें मार्च पास्ट के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां, वादन आदि मापदंडों के आधार पर चयन प्रक्रिया की गई.10 दिवसीय इस प्रशिक्षण के बाद क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा छत्तीसगढ़ के 6 स्वयंसेवकों की चयन सूची जारी की गई. जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के दो स्वयं सेवक शामिल हैं. इसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की स्वयंसेवक कुमारी ढलेश्वरी साहू पिता सीताराम साहू का चयन हुआ है ,चयनित स्वयं सेवक 1 जनवरी से 25 जनवरी तक प्रशिक्षण के पश्चात 26 जनवरी को राजपथ में होने वाले मार्च पास्ट में राष्ट्रीय सेवा योजना के दल में सम्मिलित होंगे, कुमारी ढलेश्वरी साहू के चयन पर प्रोफेसर केसरी लाल वर्मा कुलपति पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय, डॉक्टर समरेंद्र सिंह राज्य संपर्क अधिकारी, सुश्री नीता बाजपेई (कार्यक्रम समन्वयक),डॉ ज्योति पाण्डेय (प्राचार्य), डॉक्टर मालती तिवारी (जिला संगठक रासेयो) , डॉक्टर अनसुया अग्रवाल( प्रभारी प्राचार्य) डॉक्टर अब्दुल करीम (राज्य सलाहकार राष्ट्रीय सेवा योजना), डॉक्टर जया ठाकुर, डॉक्टर रीता पांडे, प्रोफेसर एसके बरवा, श्रीमती करुणा दुबे, प्रोफेसर चेलक, अजय कुमार राजा( कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरूष इकाई) श्रीमती राजेश्वरी सोनी (कार्यक्रम शेष पेज 2 पर

शासकीय एमवीपीजी कॉलेज में रा.से.यो. के स्वयंसेवक ढलेश्वरी का हुआ दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन




स्वामी विवेकानंद के जयंती पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी व स्वयंसेवको ने दीप प्रज्वलित कर किया उनके विचारों को याद

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना और लक्ष्य दूत समिति द्वारा संयुक्त रूप से पीजी कॉलेज में विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय में सांस्कृतिक तथा खेल प्रतियोगिताए आयोजित की गई।

**दैनिक भास्कर** | 13-Jan-2020 महासमुंद Page 4

**युवा दिवस** • स्वामी विवेकानंद की जयंती पर पीजी कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत विभिन्न आयोजन हुए

## स्पर्धाओं में युवाओं ने लिया हिस्सा, मेधावियों को पुरस्कार

भास्कर न्यूज | महासमुंद

राष्ट्रीय सेवा योजना और लक्ष्यदूत समिति द्वारा संयुक्त रूप से पीजी कॉलेज में विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्रों के लिए सांस्कृतिक तथा खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ समरेंद्र सिंह राज्य एनएसएस अधिकार, डॉ. ए करीम (पूर्व समन्वयक रासेयो बिलासपुर विवि) की अध्यक्षता एवं अनीता रावटे के विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर रासेयो जिला सलाहकार डॉ मालती तिवारी, दीपक दुबे अध्यक्ष रासेयो लक्ष्यदूत समिति ,जितेन्द्र चंद्राकर सचिव लक्ष्यदूत समिति उपस्थित रहे। इस दौरान अध्ययन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इसमें कुसुम साहू, नोमेश पटेल, रूपम झरना जगत, दीक्षित विश्वकर्मा, प्रकाशमणि साहू, वैशाली ठाकुर, ज्योति भोई, सुरेन्द्र कुमार यादव, लक्ष्मी साहू शामिल हैं।



महासमुंद। युवा दिवस पर पीजी कॉलेज में प्रदर्शनी सहित अनेक खेलों का आयोजन किया गया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में इन्होंने जीता पुरस्कार

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

प्रथम – पीजी कॉलेज
द्वितीय – गुड शेफर्ड स्कूल
तृतीय – माता कर्मा कन्या कॉलेज

**बेस्ट मटैरियल**

प्रथम- चित्रलेखा मंडाले, इंडियन कॉलेज
द्वितीय - शीतल साहू, पीजी कॉलेज
तृतीय - रिमसा कुरैशी, श्याम विद्या मंदिर

**व्यंजन प्रतियोगिता**

प्रथम - शिवकुमार, इंडियन कॉलेज
द्वितीय - प्रीति सिंह, गर्ल्स कॉलेज
तृतीय - चित्रेखा मंडाले, इंडियन कॉलेज

कला क्षेत्र – पंकज सिदार
उत्कृष्ट स्वयंसेवक – रोहित ढीमर, पूजा जांगड़े, सोनम साहू

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई

दैनिक भास्कर | 19-Jan-2020 महासमुंद Page 6

सरायपाली . बसना . पिथौरा . बागबाहरा

साइक्लोथॉन रैली
जिले के अलग-अलग शहरों में किए गए जागरूकता कार्यक्रम

## अच्छी सेहत के लिए एकजुट हुए छात्र कहा- रूटीन सुधारें, बनाएं फिट इंडिया



मिनी साइक्लोथॉनः बालिका वर्ग में पुष्पांजलि, बालक में संजय अव्वल



### आदर्श हाईस्कूल से बच्चों ने निकाली साइकिल रैली



दिनांक 18 जनवरी 2020 को फिट इंडिया साइक्लोथान रैली निकाली गई।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने फिट इंडिया साइक्लाथान रैली निकाली



महासमुंद। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय के आदेशानुसार व रासेयो जिला संगठक डॉ.मालती तिवारी जिला महासमुंद के निर्देशानुसार फिट इंडिया साइक्लाथान कार्यक्रम के अंतर्गत 18 जनवरी 2020 को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग शिक्षक प्रियम्वदा शर्मा के द्वारा स्वयंसेवको को योगाभ्यास कराकर , योग के माध्यम से फिट व स्वस्थ रहने पर जोर दिया गया,तत्पश्चात महाविद्यालय से फिट इंडिया साइक्लाथान रैली निकाली गयी जिसमे शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुन्द,शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद,इंडियन कॉलेज ऑफएजुकेशन महासमुंद महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों ने इस रैली में भाग लिया। इस जागरूकता रैली में स्वास्थ्य,स्वच्छता,योग आदि के बारे में विभिन्न नारों के माध्यम से ग्राम मचेवा के ग्रामवासियों को फिट रहने,स्वस्थ व निरोग रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में श्री अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई शास.पीजी कॉलेज महासमुंद,डॉ.सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी शास.माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद,नियास अली कार्यक्रम अधिकारी इंडियन कॉलेज महासमुंद,श्रीमती राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई शासकीय महाविद्यालय महासमुंद,चुम्मन लाल निषाद सहायक कार्यक्रम अधिकारी इंडियन कॉलेज महासमुंद,रामप्रसाद साहू अतिथि व्याख्याता,विजय कुमार मिर्चे अतिथि व्याख्याता एवं तीनों महाविद्यालय के कुल 120 स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

# शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद

## राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई



### तीन दिवसीय नुकड़ नाटक प्रशिक्षण आयोजित

महासमुंद। राष्ट्रीय सेवा योजना व यूनिसेफ के संयुक तत्वाधान में रा.स.यो. के स्वयंसेवकों का दिनांक 21 से 23 जनवरी 2020 तक तीन दिवसीय नुकड़ नाटक प्रशिक्षण रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के शिक्षक हॉस्टल के सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ। जिसमें नाटक प्रशिक्षण हेतु शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नाकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के 3 स्वयंसेवकों का चयन किया गया था। जिसमें सूरज प्रकाश वर्मा बी.ए.द्वितीय वर्ष कमलेश देवदास बी.ए.द्वितीय वर्ष, ठलेश कुमार साहू बी.ए.तृतीय वर्ष ने नेतृत्व किया, समाज में फैली बुराइयों को कुरीतियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया तथा इसके उपचार कैसे किया जाए बताया गया। इस कार्यशाला में नुक्कड़ नाटक विशेषज्ञ मंजूल भारद्वाज के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान लिंग चयन एसिड अटैक जैसे समसामयिक विषयों पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक के प्रशिक्षण उपरांत बुधवार को शामिल प्रतिभागियों ने जयस्तंभ चौक रायपुर पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। तीन दिवसीय नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन 23 जनवरी को रविशंकर विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में संध्या 4.30 बजे किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर केसरी लाल वर्मा शामिल रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जॉब जकारिया चीफ ऑफ फील्ड ऑफिस यूनिसेफने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ सुरेंद्र सिंह सचिव रविशंकर विश्वविद्यालय प्रोफेसर गिरीश पांडे की सहभागीता रही, महाविद्यालय वापसी होने पर जिला संगठक जिला महासमुंद डा.मालती तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी के द्वारा स्वयंसेवकों प्रमाण पत्र वितरण किया गया, इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ अंशुइया अग्रवाल वह उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया।

10 जनवरी से 23 जनवरी 2020 तक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रशिक्षण।



26 जनवरी 2020 जिला महासमुंद द्वारा जिला परेड में तृतीय स्थान प्राप्त किया।




शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा 26 जनवरी 2020 जिला महासमुंद द्वारा जिला परेड में तृतीय स्थान प्राप्त किया।